## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** एकेएम सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5 एवं 8 में ए ग्रेड प्राप्त करने वाले लगभग 50 बच्चों को उनके माता पिता के साथ माला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 एवं 12वीं में 80 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को उनके माता पिता के साथ माला पहनाकर एवं शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं की विज्ञान वर्ग की छात्रा खुशी मित्तल को समस्त बोर्ड कक्षाओं में सर्वाधिक 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर के पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के टीचर्स द्वारा अपने विषय में 100 में से 100 अंक और विषय में 100 प्रतिशत रिजल्ट देने पर संस्था प्रिंसीपल रेखा गर्ग एवं उपनिदेशक समर्थ गर्ग द्वारा माला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सरज पोसवाल गणित, विनोद सोगरवाल इंग्लिश, तरूण चावला फिजिक्स, योगेश सोगरवाल हिन्दी, तरूण कुमार गोयल गणित, खेम सिंह हिन्दी, ब्रजेश गौर कम्प्यूटर विज्ञान, अजय कुमार ज्योग्राफी, रनवीर सिंह पॉल्टिकल विज्ञान, हिस्ट्री, नीलम खण्डेलवाल होम साईस, मनोज लाम्बा अकाउंट एवं अकरम शेख बीओ ईको को सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने निरीक्षण कर शहर की सफाई व्यवस्था जायजा लिया

**करौली( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शुक्रवार प्रात करौली शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर की पुरानी सब्जी मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर साफ-सफाई,पानी निकासी,कचरा उठाव सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गंदगी और कचरे के ढेर देखकर

> ■ **निरीक्षण के दौरान गंदगी और कचरे के ढेर देखकर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिये सख्त निर्देशित किया**

उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखे।

जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शहरवासियों से भी चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर फूटाकोट पहुंचे जहां से वे हल्की बूंदाबांदी के बीच पैदल-पैदल पुरानी सब्जी मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पुरानी सब्जी मंडी में सड़क पर कचरे के ढेर देखकर उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाकर सफाई करवाने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होने क्षेत्र वासियों से भी कचरा उठाव तथा सफाई व्यवस्थाओं के संबंध मे जानकारी ली। इस दौरान कुछ लोगों ने कचरा उठाव गंदगी को लेकर कलेक्टर से शिकायत की। कलेक्टर ने रामद्वारा स्कूल के पास नालियों की साफ-सफाई,जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर और तीन दरवाजा क्षेत्र से आने वाले पानी तथा जल भराव क्षेत्र के बारे मे अवगत कराया। इसके अलावा उन्होने नगाड़ खाना दरवाजा,सिटी पैलेस सहित अन्य स्थानों का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर मे सफाई व्यवस्था के संबंध मे लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने करौली शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

## योग्य दंपतियों से सम्पर्क कर समझाइश शुरू

**करौली( नि.स. )।** जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जन जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार से की है।

जिसमें योग्य दम्पत्तियों का सर्वे कर सीमित परिवार के लिए समझाइष की जाएगी और उन्हें परिवार कल्याण के साधनों की सेवाएं प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम दो चरणों में पखवाड़ों के माध्यम से मनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीना ने बताया कि सीमित परिवार और बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जागरुकता करने के लिए मोबिलाइजेशन पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई और सेवा प्रदान पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा।डिप्टी सीएमएचओ (प.क.) डॉ. सतीश चंद मीणा ने बताया कि जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित प्रचार-प्रसार गतिविधियां विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान थीम पर आयोजित की जाएंगी।

मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा-सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से अपने क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इनके द्वारा योग्य दंपतियों से संपर्क कर सीमित परिवार के लाभ, पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, अंतरा गर्भनिरोधक इन्जेक्शन, परिवार कल्याण सेवाएं और पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी।

# खर्रा को ज्ञापन सौंपा

**हिण्डौन सिटी ।** नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष दिनेश सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल स्वायत्त शासन मंत्री झावर सिंह खर्रा से मिला।

इस दौरान उन्होंने ज्ञापन सौंपकर हिंडौन में नगर परिषद आयुक्त के पद रिक्त होने से कामकाज प्रभावित होने एवं क्षेत्र में भूमाफियाओं के सक्रिय होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

सौंपे ज्ञापन में लिखा है कि नगर परिषद हिंडौन में नगर परिषद आयुक्त का पद चार्ज वर्तमान में उपखंड अधिकारी के पास है उन्होंने लिखा है कि उपखंड अधिकारी की प्रशासनिक कार्यों में व्यवस्था के कारण नगर परिषद के कार्यों के लिए समय नहीं दे पाते हैं। जिसके कारण नगर परिषद के कार्यों के लिए जनता को इधर-उधर भटकना पड़ता है ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सायपुर,

पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-SPI-8 दिनांक: 26.06.2024

### ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत सायपुर पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत सायपुर | ग्राम पंचायत सायपुर |
| पंचायत समिति करौली, जिला करौली | पंचायत समिति करौली, जिला करौली |

## कार्यालय ग्राम पंचायत परीता,

पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-SPI-8 दिनांक: 26.06.2024

### ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत परीता पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत परीता | ग्राम पंचायत परीता |
| पंचायत समिति करौली, जिला करौली | पंचायत समिति करौली, जिला करौली |

# सेल्युशन ट्यूब बेचते 2 दुकानदार गिरफ्तार

**धौलपुर।** धौलपुर शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने परचून की दुकान पर नशे का सामान बेचने के आरोप में दो दुकानदारों को गिरफ्तार किया है। दोनों दुकानदार परचून की दुकान पर सैल्यूशन ट्ययूब बेच रहे थे। जिसका उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करता है।

कार्यवाहक थाना प्रभारी राधेश्याम खटाना ने बताया कि एएसआई गिरवर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पुराना शहर में दो परचून की दुकान पर दुकानदार युवाओं को नशे के लिए सैल्यूशन ट्ययूब बेच रहे हैं। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एएसआई गिरवर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्हें बिरजापाड़े में स्थित परचून की दुकान पर दुकानदार कुलदीप बंसल और सब्जी गली पुराना शहर में स्थित परचून की दुकान पर दुकानदार भोलाराम गुप्ता से पूछताछ की तो दोनों दुकानदार ने साडियों पर चिपकाने के लिए काम में आने वाले सैल्यूशन ट्ययूब को आगरा से लाकर धौलपुर में बेचने की बात स्वीकार कर ली।

> ■ **सैल्यूशन ट्यूब का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए करता है।**

एएसआई गिरवर सिंह ने बताया कि सैल्यूशन ट्ययूब बेचने की बात स्वीकार करने पर दोनों दुकानदार को गिरफ्तार कर दिया गया। उन्होंने बताया कि साडियों पर चिपकाने के लिए उपयोग में लिया जाने वाले सैल्यूशन ट्ययूब का उपयोग युवा वर्ग नशे के लिए कर रहा है। जिसको देखते हुए दोनों दुकानदारों को भविष्य में ट्ययूब ना बेचने के लिए पाबंद किया गया है।

# श्रद्धालुओं का स्वागत समारोह आयोजित

**हिंडौन सिटी ।** समीपवर्ती जगदीश धाम कैमरी में शुक्रवार को जगदीश मंदिर परिसर में उत्तराखंड के चारधाम की यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं का श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट कैमरी के संयुक्त तत्वावधान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया । चारधाम यात्रा से जुड़े राजस्थान कांग्रेस कमेटी सदस्य शीशराम खटाना ने बताया कि कैमरी सहित नादौती, गंगापुरसिटी और आसपास के क्षेत्रों के करीब 48-50 श्रद्धालु 14 जून को कैमरी नादौती से चारधाम की यात्रा पर निकले जहाँ उत्तराखंड के चारधाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री के सकुशल दर्शन कर शुक्रवार सुबह जगदीश धाम मंदिर पहुँचे जहाँ श्री कल्याण सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट और श्री जगदीश मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को साफा पहनाकर, फूलमाला और भगवान जगदीश की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया । जगदीश मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता सियाराम वकील और हंसराज सरपंच ने मंच संचालन किया और श्रद्धालुओं को भक्तिभाव से जुडने के लिए धन्यवाद ज्ञापित कर भगवान से उनकी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना की । चारधाम यात्रा से आये श्रद्धालुओं ने घंटो तक जगदीश मंदिर में भजन संध्या कर श्रद्धालुओं का मन मोहा। चारधाम यात्रा से जुड़े सुरेश शर्मा कैमरी, द्वारका प्रसाद गोयल, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने कहा कि चारधाम की यात्रा में कैमरी नादौती के अलावा बाहर से आये श्रद्धालुओं का भगवान जगन्नाथ धाम में बहुत बहुत स्वागत और सभी यात्रियों के लिए भगवान की प्रसादी वितरित की गई जिसमें मालपुए, खीर और सब्जी से सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान जगदीश से सभी की मनोकामना पूर्ण होने की कामना की ।

## शैलेष कौशिक का किया सम्मान

**भरतपुर ( निस )।** युवा मण्डल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता शैलेष कौशिक के निवास पर जाकर माला, साफा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शैलेष कौशिक को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी है, उसके लिये उनके सामाजिक कार्य व प्रखर वक्ता के फलस्वरूप प्रदान की है, जो अपनेआप में बेहद प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर देवव्रत शर्मा टिन्ना ने कहा कि कौशिक आमजन के मुद्दों को उठाते रहते हैं, मनीष तिवारी ने कहा कि भरतपुर के विकास के लिये वह प्रदेश प्रवक्ता के रूप में भरतपुर की आमजन से जुडी समस्याओं को मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर उनका निस्तारण कराने का प्रयास करें।

बजरंग दल के लखन शर्मा ने शैलेष कौशिक से आग्रह किया कि वे सनातन धर्म के उत्थान के लिये सदैव अग्रसर रहें। इस अवसर पर मनीष तिवारी, देवव्रत शर्मा टिन्ना, जितेन्द्र शर्मा सैंथरा, लखन शर्मा, माधव पाण्डेय, राहुल गादौली, रवि शर्मा गोपालगढ़, रवि शर्मा गोपालगढ़ आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान, जयपुर राईस द्वारा संचालित देवनारायण राजकीय बालक आवासीय विद्यालय, गुड़ला करौली ( राज. )

क्रमांक:-दे.रा.बा.आ.वि./गुड़ला/विद्या संबल/2024-25/860 दिनांक:25.06.2024

### विज्ञप्ति

श्रीमान् अतिरिक्त निदेशक महादय, राईस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के पत्रांक एफ1(A)(01965)रथा./राईस/गैस्ट फैकल्टी/2022/219 दिनांक 10.06.2024 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक:-प-6(2)वित्त/सा.वि.ले.नि/2021 जयपुर दिनांक 30.03.2021 की अनुपालना में राईस जयपुर के नियन्त्राणाधीन देवनारायण राजकीय बालक आवासीय गुल्ला करौली के लिए विद्या संबल योजना के अतर्गत निम्नांकित रिक्त पदों के विरूद्ध आर.एस.आर. सवा नियमों में अंकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत कार्मिको/निजी अभ्यर्थियों से परिपत्र में वर्णित दरों पर बजट उपलब्धता की शर्तो के अध्याधीन गैस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन पत्र दिनांक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र स्थानीय विद्यालय से प्राप्त कर अन्तिम तिथि दिनांक 06.07.2024 तक सुबह 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक जमा करवाये जा सकते है।

| क्र.सं. | विषयावर रिक्त पद का नाम | रिक्त पदो की संख्या | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यापक ले-2- अंग्रेजी | 01 | UG in the relevant Sub. with B.Ed And REET Qualify according state Gov. rule |
| 2 | प्रयोगशाला सहायक | 03 | 12th Pass with Physics Chemistry, Biology |
| | कुल रिक्त पद | 4 | |

**नोट- पदो में कमी वृद्धि का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।**

आवेदनकर्ताओं का चयन विभागीय नियमानुसार चयन समिति द्वारा वरीयता सूची के आधार पर किया जावेगा। चयनित आवेदकर्ताओं का मानदेय वित्त विभाग के उपर्युक्त परिपत्र अद्यतनकृ के अनुसार दिया जायेगा। आवेदनकर्ता की शैक्षणिक अर्हता राज्य सरकार के संबंधित पद-सेवा नियमो के अनुसार होनी चाहिए। विद्यालय में रिक्त पद विभाग द्वारा भरे जाने पर यह व्यवस्था स्वत: समाप्त समझी जावेगी।

प्रधानाचार्य
देव. रा.बा.आ.वि. गुडला करौली

# चिकित्सा शिविर मे 35 लोगो ने उठाया लाभ

गंगापुर सिटी भारत विकास परिषद के संस्थापक सचिव डॉक्टर सूरज प्रकाश की जयंती के मौके पर भारत विकास परिषद शाखा विवेकानंद गंगापुर सिटी की ओर से निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। रिया हॉस्पिटल के सहयोग से राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान में स्थित पार्क में लगे शिविर में 35० लोगों ने अपनी जांच कराई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां भारती और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन कर की गई। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद राजस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष संस्कार विजेंद्र कुमार और प्रांतीय समूह गान प्रभारी विश्वबंधु आर्य ने डॉक्टर सूर्य प्रकाश के जीवन चरित्र से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम में करीब 35० लोगों की शुगर और बीपी की निशुल्क जांच की गई। साथ ही सभी आने वाले लोगों और मरीजों को गर्म पानी में नींबू और शहद डालकर पिलाया गया। कार्यक्रम में रिया हॉस्पिटल की सहयोगी टीम को शाखा द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट गान का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शाखा सचिव अरविंद रावत ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय प्रभारी राजेश गुप्ता, प्रांतीय संस्कृति सप्ताह प्रभारी प्रमोद बोहरा, प्रांतीय एनीमिया उन्मूलन प्रभारी विनोद खंडेलवाल, प्रांतीय बाल संस्कार प्रभारी स्वाती शर्मा, दीनदयाल गुप्ता, शाखा अध्यक्ष मयंक शर्मा, शाखा कोषाध्यक्ष सुनील बंसल, कार्यक्रम संयोजक सौरभ गुप्ता, सह संयोजक पवन गुप्ता, शाखा के कार्यकारिणी सदस्य महेशचंद गुप्ता, वरुण जैमिनी, नरदेव गुप्ता, संजय बंसल, नंदकिशोर जंगम, राजेंद्र छीपा, सीमा आर्य, मंजू गुप्ता, सोना बंसल, शाहिद मौजूद रहे।

## आम सूचना

मैं भरत सिंह पुत्र कमल सिंह गुर्जर निवासी रसेरी कपूरा कलूका तह. बयाना जिला भरतपुर शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि मेरी पत्नी लच्छो का स्वर्गवास 12.05.2024 को हो चुका है। मेरी पत्नी के नाम एक बोलेरो गाडी का नंबर आर.जे. 05 टी.ए. 2402 है। जिनका मै बारिश हूं। जिस बोलेरो को मेरे नाम करवाना चाहता हूं मेरी कोई आपत्ति हो तो जिला परिवहन भरतपुर में आपत्ति दर्ज करा सकता है। बाद में आपत्ति स्वीकार नहीं जानी जाएगी।

## न्यायालय जिला न्यायाधीश महोदय करौली ( राज. )

राधा वगै. बनाम हरखास आम
मुत. दीवानी प्रकरण संख्या 12/2024
प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र

उक्त उनवानी प्रकरण में राधा पत्नि स्व. श्यामसुंदर शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, अरूण कुमार शर्मा, विवेकानंद शर्मा पिसरान स्व. श्यामसुन्दर शर्मा, आरती शर्मा पुत्री स्व.श्यामसुन्दर शर्मा सभी जाति ब्राह्मण निवासी सांथपुर तहसील मण्डरायल, मंजूलता शर्मा पुत्री स्व. श्यामसुन्दर शर्मा पत्नि अशोक शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी अमित कॉलोनी महूखुर्द जिला सवाईमाधोपुर ने अपने स्वर्गीय पति/पिता श्यामसुन्दर शर्मा के एक बचत खाता संख्या 23000100000698 बैंक ऑफ बडौदा शाखा मण्डरायल में जमा धनराशि 78,46,000/- रू को प्राप्त करे के लिए अपने आपको अपने मृतक पति/पिता श्यामसुन्दर शर्मा का उत्तराधिकारी घोषित करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु यह आवेदन पेश किया है।

अत: हरखास आम को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति को इस सम्बन्ध मं कोई उज्र हो तो वह असालतन/वकालतन न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 26.07.24 को प्रात: 10 बज अपना उज्र पश करे अन्यथा मुकदमा की एकपक्षीय सुनवाई करते हुए अंतिम निस्तारण कर दिया जावेगा और बाद में कोई उज्र समाअत नहीं होगा।

आज्ञा से
मुंसरिम जिला एवं सत्र न्यायाधीश करौली
(मुहर)

## ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी ।** कोटा सांसद बिरला के दूसरी बार लोकसभा का अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई। संपूर्ण देश में हाल ही संपन्न हुए 18 वीं लोकसभा के चुनाव के पश्चात लोकसभा की प्रक्रिया को विधवत संचालन एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण में कानून निर्माण की व्यवस्था के संचालन के लिए कोटा से नवनिर्वाचित सांसद ओम बिरला को भारतीय जनता पार्टी सहयोगी एनडीए सरकार द्वारा संपूर्ण सदन में निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से लोकसभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा ने बताया कि उक्त संदर्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित एवं सभापति शिवरतन गुप्ता की उपस्थिति में गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार आतिशबाजी करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर आपस में बधाई प्रेषित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित एवं सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी में सहज-सरल स्वभाव एवं कार्य करने की निष्ठा के आधार पर कार्यकर्ता को सर्वोच्च स्थान पर भी आसीन होने का शुभ अवसर प्राप्त हो सकता है। यह भारतीय जनता पार्टी की खूबी और सैद्धांतिक पद्धति है। भाजपा विधानसभा मीडिया प्रमुख शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अंजू जाटव, जिला संयोजक मंजू सिंघल, शहर मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, मनमोहन बजाज, श्याम मेंबर, मुकेश जांगिड सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानसून की पहली बारिश ने खोली नगर पालिका के दावों की पोल

**धौलपुर।** पहली मानसून की बारिश ने फिर एक बार राजाखेड़ा नगरपालिका के दावों की पोल खोल दी है। जिसके कारण गुरुवार रात में हुई बारिश ने राजाखेड़ा की गलियों को जलमग्न कर दिया। जिससे आमजन को भारी समस्या का सामना करना पड रहा है।

गुरुवार-शुक्रवार की रात मानसूनी बारिश होने के कारण राजाखेड़ा नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 9 के अलावा अन्य गलियां तालाब बन गईं। जिसके कारण वार्ड निवासी घर से भी नही निकल पाए। शुक्रवार सुबह कॉलोनी में रह रहे लोगों का आक्रोश फूट गया और एकत्रित हो गए। जिन्होंने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और नगरपालिका के दांवों पर प्रश्नचिन्ह लगाना शुरू कर दिया।

कॉलोनी में रह रहे लोगों ने बताया कि हल्की बारिश में ही यहां की गलियां तालाब बन जाती हैं। हर वर्ष यही स्तिथि बन जाती है।

सालों से करोड़ो के बजट पारित होते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई उपाय नहीं हो पाया और पानी घरों में भरता है जिससे आम जीवन अस्तव्यस्त हो जाता है। राजाखेड़ा में लगभग सभी गलियों में यही हालात बन जाते हैं। सरकारी पोखर दिनोदिन अतिक्रमण की चपेट में आती जा रही है। जिस पर प्रशासन कोई कठोर कार्यवाई नहीं कर पाया है।

धौलपुर जिले के बसई नवाब क्षेत्र भर में हुई जोरदार बारिश से कहीं राहत तो कहीं आफत बनी हुई है। बसई नवाब में नालों की सफाई नहीं होने से बरसात का पानी लोगों के लिए आफत बन गया है। नालों की सफाई नहीं होने से जाटव बस्ती सहित मनियां सड़क मार्ग पर चारों ओर बरसात के पानी का भराव होने से कई जगह पक्की दीवार धराशाही हो गईं। वहीं गाड़िया लुहारों की झुग्गी झोपड़ियां जलमग्न होने से काफी समस्या गहरा गई है।

तेज बारिश के बीच जाटव बस्ती के राजेंद्र पुत्र तुलाराम, आकाश और हेमंत के घर के बाहर डला टीन सैट भरभरा कर जा गिरा। इस दौरान टीन सेट के नीचे सो रहे परिवार की एक महिला बेवी पत्नी मुनीष सहित कई सदस्य घायल हो गए हैं। वहीं मुकेश जाटव की मकान की दो पट्टियां टूट गई हैं। क्षेत्र में बीते कई दिन से लोग उमस भरी गर्मी से काफी बेहाल हो रहे थे। बीते 24 घंटे में हुई तेज बारिश से मौसम काफी खुशनुमा हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है।

इधर मानसून की पहली जोरदार बारिश ने ग्राम पंचायत बसई नवाब में व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। कल्याण सिंह सहित अन्य लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की ओर से बारिश से पूर्व नालों की सफाई नहीं कराई गई है।

ऐसे में नालों की सफाई नहीं होने से निकासी अवरुद्ध बनी हुई है। जिससे चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है।

## एस डी एम को ज्ञापन सौंपा

**हिंडौन सिटी ।** प्रांतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज जिला करौली द्वारा जिला अध्यक्ष प्रमोद वैष्णव के नेतृत्व में उपजिला कलेक्टर हिण्डौन को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया ।

प्रवक्ता मुकेश काका ने बताया कि भरतपुर के वैर तहसील के गांव गोठरा में विगत 9 जून को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा किए जानलेवा हमले व गांव से निकाले जाने पर अपराधियों पर कडी कार्यवाही करने व पीड़ित पुजारी परिवार को सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम उपजिला कलेक्टर हिण्डौन सिटी में ज्ञापन दिया गया ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष प्रमोद वैध, प्रवक्ता मुकेश काका सँरक्षक जगदीश पटवारी,बाबूलाल मौसलपुर,सुग्रीव फौजी आदि उपस्थित थे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रघुवंशी,

पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-SPI-8 दिनांक: 28.06.2024

### ई-निविदा सूचना 01/2024-25

ग्राम पंचायत रघुवंशी पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत रघुवंशी | ग्राम पंचायत रघुवंशी |
| पंचायत समिति करौली, जिला करौली | पंचायत समिति करौली, जिला करौली |

## कार्यालय नगर परिषद करौली ( राज. )

क्रमांक: 1893 दिनांक: 25.06.2024

### आपत्ती आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं हितधारकों को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकान द्वारा पटटा नामान्तरण/हस्तान्तरण/उपविभाजन तथा भवन निर्माण स्वीकृति हेतु पत्रावली प्रस्तुत की है।

अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों/दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तथा किसी भी आवेदक की पत्रावली के सम्बन्ध में कोई जानकारी चाहते हो, वह अन्दर अवधि 07 योग/ दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति स्वीकार/समाहित नहीं की जावेगी तथा पटटा पटटा नामान्तरण/हस्तानान्तरण/उपविभाजन तथा भवन निर्माण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

पटटा नामान्तरण/हस्तांतरण/उपविभाजन

| क्र. सं. | नाम आवेदक | खसरा न. | भू. सं. | पटटा संख्या | मूल / प्रारम्भिक पटटाधारी का नाम | साईज/ वर्गगज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति माया सैन पत्नि श्री शिवनारायण सैन | 846-51 871,878 -881 | 35 | 168394/ 2023 | श्री योगेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मीचंद | 97.22 |
| 2 | श्री रोहित गर्ग पुत्र श्री विष्णुचंद गर्ग | 846-51, 871,876, 878-881 | 112 | 168554/ 2023 | श्री पप्पू पुत्र श्री छोटेलाल | 118.05 |
| 3 | श्रीमति दुर्गावती पत्नि श्री गोविन्द प्रसाद | 5590 | 32 | 721/2005 | श्री रामजीलाल गुप्ता पुत्र बद्री प्रसाद उमाशंकर गुप्ता पुत्र श्री गप्पूलाल गुप्ता | 122.22 |
| 4 | श्री धर्मेन्द्र कुमार मलेठिया पुत्र श्री राधेश्याम | 6639 | 04 | 190/2022 | श्री नीलम शर्मा पत्नि श्री बैभव शर्मा | 185.00 |
| 5 | श्री आरती शर्मा पत्नि श्री राममूर्ति शर्मा | 5385 | 18 | 694/2005 | श्री अभिमन्यू कौशिक पुत्र श्री ब्रम्हानन्द | 133.33 |
| 6 | श्री पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री दिनेशचन्द शर्मा | 5385 | 17 | 694/2005 | श्री अभिमन्यू कौशिक पुत्र श्री ब्रम्हानन्द | 133.33 |
| 7 | श्री योगेश बंसल पुत्र श्री कैलाश चन्द बंसल | 5487 | 20,21 | 390/2002 | श्री रामरज शर्मा | 311 |

भवन निर्माण स्वीकृति

| क्र. सं. | नाम आवेदक | खसरा न. | भू. सं. | साईज/वर्गगज |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री बृजेश कुमार शर्मा व राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री भगवती लाल शर्मा | 850 | 06 | 160 |
| 02 | श्रीभगवान गोयल पुत्र श्री हरीशचन्द गोयल | 5790 | 1 | 160.00 |
| 03 | श्री निरंजन लाल पुत्र श्री दुर्गाप्रसाद | पुरानी आबादी बग्गीखाना, करौली | | 15.00 |
| 04 | श्री प्रकाशचंद पुत्र श्री सुक्काराम | 5730 | 27,28 | 289,14 |
| 05 | श्रीमति रामकेशी पत्नि श्री प्रताप सिंह | 554,556 | - | 166.66 |
| 06 | श्रीमति सुनीता बाई मीना पत्नि श्री भुपेन्द्र मीना | 5546 | 02 | 116.66 |
| 07 | श्री निर्मल बाई उर्फ सुमन पत्नि श्री श्रीनिवास मीना | 7000 | 8बी, 8सी, 8डी, 8ई | 247 |

आयुक्त
नगरपरिषद करौली